आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर
दिनांक : 04.07.2024
समय : 0705
<><><><><><><>

- सांसद बिष्णु पद रे ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन से मुलाकात कर उनसे विभिन्न क्षेत्रों में द्वीपों के विकास के लिए वित्तीय सहायता देने का अनुरोध किया है।
- सांसद ने पोत जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्वानन्द सोनोवाल से मुलाकात कर बन्दरगाहों की खराब स्थिति से उन्हें अवगत कराया।
- प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अजय बैरागी ने पुलिस महानिदेशक देवेश चन्द्र श्रीवास्तव से मुलाकात कर कई मुद्दों पर बातचीत की।
- सरकार ने, मंत्रिमंडल की विभिन्न समितियों का गठन किया है। मंत्रिमंडल की आर्थिक कार्य समिति में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में ग्यारह सदस्य होंगे।
- शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार–दो हजार चौबीस के लिए पात्र शिक्षकों से नामांकन आमंत्रित किए हैं।

<><><><><><><>

सांसद बिष्णु पद रे ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन से मुलाकात कर उनसे विभिन्न क्षेत्रों में द्वीपों के विकास के लिए वित्तीय सहायता देने का अनुरोध किया है और इस संबंध में उन्होंने वित्त मंत्री को ज्ञापन भी सौंपा है। अपने ज्ञापन में उन्होंने बिजली की कमी की समस्या से निपटने मत्स्यकीय, सीवीड जैसे क्षेत्रों का विकास करने पर्यटन की ढ़ांचागत संरचनाओं का विकास करने आदिम जनजातीय समुदायों का विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से विकास करने का अनुरोध करने के अलावा श्री बिष्णु पद रे ने कहा कि द्वीपसमूह की सामरिक महत्व और भारत की पूर्वी एशियाई देशों के साथ संबंधो ंको मजबूत बनाने में इन द्वीपों की भूमिका के मद्देनजर द्वीपसमूह का सार्वगीण विकास होना ज़रूरी है। सांसद ने द्वीपों में दो सौ मेगावाट की परमाणु बिजली संयत्र स्थापित करने, उच्च शिक्षा के लिए संस्थान स्थपित करने, जल संरक्षण और जलापूर्ति स्रोतो के लिए काम करने तथा आदर्श ग्राम योजना के तहत आदिवासी आदर्श गांव स्थापित करने का अनुरोध किया है। सांसद ने इन सभी क्षेत्रों के लिए उचित मात्रा में बजट का प्रावधान करने और परियोजनाओं के कियान्वयन के लिए अधिकारियों का दल द्वीपसमूह भेजने का अनुरोध किया है।

<><><><><><><>

सांसद बिष्णु पद रे ने अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में बंदरगाहों की खराब स्थिति से पोत, जहाज़रानी और जलमार्ग मंत्री सर्वानन्द सोनोवाल का ध्यान आकर्षित करते हुए, इसमें तुरंत कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। अपने पत्र में सांसद ने कहा कि पिछले दो वर्षों से पोत के लिए टगबोट उपलब्ध नहीं है। इसके अलावा बीते एक वर्ष से पोत के लिए पायलेट भी नहीं है। पिछले तीन दशकों से कोई नई जेट्टी का निर्माण नहीं हुआ है, जबकि यात्रियों और मालवाहक जहाजों की संख्या में वृद्धि हुई है। पोर्ट ब्लेयर बंदरगाह और अंतरद्वीपीय बंदरगाहों पर उचित मात्रा में माल ढ़ोने के उपकरण विशेषकर कन्टेनरों के लिए ये सुविधा नहीं है। पिछले पांच वर्षों के दौरान जेट्टियों और कन्टेनर यार्ड का रख–रखाव नहीं किया गया है। बंदरगाहों पर अब भी काम हाथों से किया जाता है, जबकि सरकार ने सभी सरकारी कार्यालयों का डिजि–टली–करण कर रहा है। सांसद ने बंदरगाह में स्थाई रूप से बंदरगाह के बारे में जानने वाले अधिकारियों की नियुक्ति करने, बंदरगाहों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने, कन्टेनर और यात्री टर्मिनल के लिए दीर्घकालीन योजना बनाने, द्वीपसमूह के जलयानों के लिए नए ड्राई डॉक या तैरती हुई गोदी का निर्माण करने, बंदरगाहों में कामकाज एकल खिड़की के माध्यम से होने और बंदरगाहों मे कामकाज चौबीसो घंटे उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है।

<><><><><><><>

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अजय बैरागी ने पुलिस महानिदेशक देवेश चन्द्र श्रीवास्तव से मुलाकात कर कई मुद्दों पर बातचीत की। बातचीत के दौरान उन्होंने आम जनता के सहुलियत के लिए यातायात व्यवस्था को भीड़–भाड़ वाले समय में व्यवस्थित करने, डिगलीपुर में बाल ट्रैफिक उद्यान का स्थापना करने और युवाओं के लिए खेल–कूद गतिविधियां आयोजित करने का अनुरोध किया। होमगार्ड के लम्बित पड़े मामलों पर भी बातचीत की गई।

<><><><><><><>

सरकार ने, मंत्रिमंडल की विभिन्न समितियों का गठन किया है। मंत्रिमंडल की आर्थिक कार्य समिति में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में ग्यारह सदस्य होंगे। इसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, इस्पात मंत्री एच. डी. कुमारस्वामी और पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह शामिल हैं। मंत्रिमंडल की सुरक्षा कार्य समिति के अध्यक्ष प्रधानमंत्री होंगे। मंत्रिमंडल की दस सदस्यीय संसदीय कार्य समिति

की अध्यक्षता राजनाथ सिंह करेंगे। मंत्रिमंडल की राजनीतिक कार्य समिति में प्रधानमंत्री सहित चौदह सदस्य होंगे।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में तीन नए आपराधिक कानून लागू होने के बाद ज़ीरो एफ आई आर दर्ज किया गया है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा एक सौ तिहत्तर के तहत देश में कहीं से भी शिकायतकर्ता एफ आई आर दर्ज करा सकता है। पहली जुलाई को अबरडीन पुलिस थाने में पहली ज़ीरो एफ आई आर दर्ज की गई, जिसे पहाड़गांव पुलिस थाने से स्थानांतरित किया गया था। पहाड़गांव पुलिस थाने को एक बच्चे के साथ शारीरिक शोषण की सूचना मिली थी। रिकॉर्डिंग प्रकिया के दौरान ये पता चला कि ये घटना पहाड़गांव थाने के अधिकार क्षेत्र से बाहर है, तुरंत पहाड़गांव थाना प्रभारी ने नए आपराधिक कानून का सहारा लेते हुए ज़ीरो एफ आई आर दर्ज की और उसे तुरंत थाना अबरडीन में स्थानांतरित कर दिया गया। अबरडीन थाना प्रभारी ने मामला मिलते ही इसे नियमित एफ आई आर में तब्दील करते हुए जांच अधिकारी को नियुक्त किया।

<><><><><><><>

समुद्री सजावटी मत्स्य पालन के बारे में जानकारी देने के लिए मत्स्य विभाग की ओर से तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मरीन हिल स्थित मत्स्य प्रशिक्षण केन्द्र में कोच्चि की केन्द्रीय समुद्री मत्स्य अनुसंधान संस्थान के सहयोग से आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन मत्स्य सचिव विश्वेन्द्र ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने लाभार्थियों द्वारा द्वीपों में इसके लिए इकाई स्थापित करने में प्रशासन की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने समुद्री सजावटी मत्स्यकी के कारोबार के आर्थिक लाभ के बारे में जानकारी दी। मत्स्य निदेशक विक्रम सिंह ने प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत घर के पिछवाड़े मत्स्य पालन के लिए इकाई स्थापित करने के लिए दी जाने वाली वित्तीय सहयोग के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में मत्स्य विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. के गोपाल और उप–निदेशक वी. शीज़ा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। आज सम्पन्न होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल पच्चीस लाभार्थी भाग ले रहे हैं।

<><><><><><><>

शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार–दो हजार चौबीस के लिए पात्र शिक्षकों से नामांकन आमंत्रित किए हैं। ऑनलाइन नामांकन भरने की अंतिम तिथि पन्द्रह जुलाई है। मंत्रालय ने कहा है कि इस वर्ष जिलों, राज्यों और राष्ट्रीय स्तर पर तीन चरणों की प्रक्रिया के माध्यम से कुल पचास शिक्षकों का चयन किया जाएगा। यह पुरस्कार पांच सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू प्रदान करेंगी। पात्र शिक्षक मंत्रालय के पोर्टल **www.national awards to teachers.education.gov.in** पर नामांकन भेज सकते हैं।।

<><><><><><><>

डीब्रेट की कौशल विकास कार्यक्रम केन्द्र में चार पहिया वाहनों की सर्विसिंग पर छः माह अवधि के पाठ्यक्रम के लिए नए बैच का प्रशिक्षण पन्द्रह जुलाई से आरंभ होगा। इच्छुक उम्मीदवार इसके लिए आवेदन कर सकते हैं।

उधर, इसी संस्थान में विभिन्न विभागों में अतिथि प्रवक्ताओं और अंशकालिक इंस्ट्रक्टर के पदों के लिए दस से पन्द्रह जुलाई तक सीधे साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा। विवरण डीब्रेट की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है।

<><><><><><><>

भारत का पहला सौर अभियान आदित्य–एल–1 अंतरिक्षयान सूर्य–पृथ्वी एल–1 प्वाइंट में अपनी पहली प्रभामंडल कक्षा की परिक्रमा पूरी कर चुका है। अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन – इसरो ने बताया कि कल इसके स्टेशन – कीपिंग कौशल ने दूसरी प्रभामंडल कक्षा में निर्बाध स्थानांतरण सुनिश्चित किया। आदित्य – एल–1 अभियान को दो सितम्बर, दो हजार तेईस को लॉन्च किया गया था। यह लैग्रेंजियन प्वाइंट एल 1 पर एक भारतीय सौर वेधशाला है। इसे छह जनवरी दो हजार चौबीस को इसके लक्षित प्रभामंडल कक्षा में प्रवेश कराया गया था। इसरो ने बताया कि आदित्य एल–1 अंतरिक्ष यान प्रभामंडल कक्षा में एल–1 प्वाइंट की परिक्रमा पूरी करने में एक सौ अट्ठहत्तर दिन का समय लेता है।

<><><><><><><>

<u>समाचार पत्रों की सुर्खियां</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की राज्य सभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर कहना कि सुशासन की मदद से हम इस युग को ऐसे युग में बदलना चाहते है, जहां बुनियादी ज़रूरतों की कोई कमी न रह जाए–द डेली टेलीग्राम्स और द्वीप समाचार की बडी खबर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पांच वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की तीसरी सबसे बडी अर्थव्यवस्था होगी–इंफो इंडिया की खबर हैं। पंचायती राज संस्थानों के सदस्यों को अधिकारों का स्थानांतरण करने की प्रकिया चल रही है–द अण्डमान एक्सप्रेस अंग्रेजी की पहली हेड लाइन है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जी. बी. पन्त अस्पताल के एक वरिष्ठ डॉक्टर के खिलाफ पुलिस शिकायत दर्ज करने के समाचार को द इको ऑफ इंडिया ने प्रमुखता दी है, जबकि सी. सी टी. एन एस प्रगति डैश बोर्ड में केन्द्रशासित प्रदेशों की श्रेणी में अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह को एक बार फिर बड़ी उपलब्धि हासिल होने के समाचार को अण्डमान कोनिकल ने प्रमुखता दी है।

<><><><><><><>